# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज देश को सम्बोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, शाम सात बजे से आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर होगा सीधा प्रसारण।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर लखनऊ में तीन दिवसीय समारोह का किया शुभारंभ। कहा– विकसित भारत का विकास इंजन बनने जा रहा है यूपी।
- मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के बजट प्रस्तावों को लेकर की समीक्षा बैठक। कहा– जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा। इसे दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रादेशिक भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण करेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। इसका सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश न केवल देश की आत्मा है, बल्कि विकसित भारत का विकास इंजन भी बनने जा रहा है। श्री शाह कल लखनऊ में आयोजित 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो खाद्यान्न भंडार में 20 प्रतिशत का योगदान देती है और प्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है।

***पिछले 3 साल में उत्तर प्रदेश का विकास दर कृषि विकास दर 17: रहा और देश में खाद्यान्न के उत्पादन में 20: का योगदान उत्तर प्रदेश का मैं आदमी संकोच कह सकता हूं। उत्तर प्रदेश आज भारत का फूड बास्केट बन चुका है। गन्ने में एक नंबर पर इथेनॉल में एक नंबर पर और सारी मोदी जी की योजनाएं आज धरातल पर उतरी।***

*गृह मंत्री ने कहा विकसित भारत में उत्तर प्रदेश अपना अहम योगदान देगा।*

***जब 15 अगस्त 2047 को देश की आजादी की सती मनाई जाएगी हमारा उत्तर प्रदेश पूर्ण विकसित प्रदेश बनकर विकसित भारत का एक अहम राज्य बनेगा।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक जनपद–एक व्यंजन– ओडीओसी योजना तथा 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना 'एक जिला एक व्यंजन' उत्तर प्रदेश की नई ताकत बनेगा।

***हम लोगों ने परंपरागत उद्यम को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया था। आज यह आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की एक नई ताकत बनी है और आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे रहा है और आज हम सब आदरणीय गृह और सहकारिता मंत्री जी के करकमलों से हम लोगों ने अभी वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन यानी एक जनपद एक व्यंजन यह योजना आज लागू की है।***

'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर आयोजित समारोह में प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। विंग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा, अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन, रश्मि आर्य को– शिक्षा एवं नवाचार, डॉ. हरिओम पंवार को– साहित्य और डॉ. सुधांशु सिंह को– कृषि क्षेत्र के लिए सम्मानित किया गया।

गौरव सम्मान पाने वाले डॉ. सुधांशु सिंह ने अपनी इस उपलब्धि को कृषि को समर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक पहल से आज कृषि क्षेत्र में कई नवाचार हो रहे हैं।

***विशेष रूप से जो मुझे पुरस्कार मिला है, यह ऐसा मिला है कि ग्लोबल जो नवाचार हैं रिसर्च और अनुसंधान के उनको उत्तर प्रदेश में लाना यहां के किसानों की आवश्यकता के अनुरूप ढालना और उनके उनके खेतों तक पहुंचाना यह जो पहल हुई थी पिछले विगत सौ में काफी से सेंटर बना है हमारा बनारस में धर्चा अनुसंधान केंद्र का माननीय प्रधानमंत्री की अनुकंपा से।***

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान– सीएम युवा के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट प्रस्ताव को लेकर उच्चअधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य का बजट लोक कल्याण पर केन्द्रित होना चाहिए और तैयारी इसी के अनुरूप की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि की जिस दिशा में ठोस प्रगति की है, उससे जनता को बड़ी उम्मीदें हैं। जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बजट की आत्मा होनी चाहिए।

**********

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश भर में मतदाताओं को उनके अधिकार और दायित्व के प्रति जागरूक करने के लिये अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर कल एक संदेश में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार है। इसी उद्देश्य से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम जोड़ना और प्रत्येक अपात्र का नाम हटाना सुनिश्चित करना है।

***हाल ही में 21 से 23 जनवरी के दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रबंधन और चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए विश्व का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के चुनाव प्रबंधन संस्थानों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों, साथ ही कई देशों के राजदूतों ने भी भाग लिया। यह पहल भारत निर्वाचन आयोग की वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।***

**********

प्रदेश की चौदह लखपति दीदियों को कल गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इन लखपति दीदियों ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की हैं। इनमें गोरखपुर की मंशा देवी, राजकुमारी, झांसी की प्रवेश कुमारी, बिजनौर की रितु देवी, सुमन देवी, कौशाम्बी की सरिता देवी, अलीगढ़ की रितु शर्मा, चित्रकूट की निर्मला देवी, इटावा की मंत्रवती शाक्य, विजेता गोयल, सम्भल की अनुपमा सिंह, मोनिका रायबरेली की गुड़िया देवी और देवरिया की आशा शामिल हैं।

**********

आकाशवाणी लखनऊ के प्रसारण स्तंभ रहे दिग्गज प्रसारण कर्मियों पर विशेष मासिक श्रृंखला "पद–चिन्ह आकाशवाणी के" शुरू की जा रही है। इसकी पहली कड़ी का प्रसारण आज सुबह दस बजे एफएम रेनबो सौ दशमलव सात मेगा हट्र्ज़ पर किया जाएगा। कार्यक्रम की पहली कड़ी में आकाशवाणी लखनऊ के प्रथम समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित से ख़ास बातचीत का प्रसारण किया जाएगा। अट्ठान्नवे वर्षीय वरिष्ठतम उद्घोषक और समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित ने उन्नीस सौ तिरपन में पहली बार आकाशवाणी लखनऊ से प्रादेशिक समाचार का वाचन किया था।

**********

प्रदेश के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र के कई जिलों में पिछले छत्तीस घंटों के दौरान हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जबकि पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में मौसम के मिजाज में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। गोरखपुर और आसपास के जनपदों में कल दिन में बूंदाबांदी होने के बाद रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी। इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है।

**********